हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 1 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

09 स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम में बैगलेस...



10 दर्राटोला के ग्रामीणों ने की नवीन पंचायत बनाने की मांग





## सौगात : ग्राम कुरदी में आयोजित लोकार्पण समारोह में शामिल हुए विस अध्यक्ष

# मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित : डॉ रमन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की तरह ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विष्णुदेव साय के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य विकास की नई ईबारत लिख रहा है। इसका चमत्कारिक परिणाम देश और दुनिया के सामने है।

उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कही। डॉ सिंह गुंडरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में 111 फीट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और वीर सपूत उद्यान के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने वीर सपूत उद्यान कुरदी में छत्तीसगढ़ महतारी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं, जिले के ग्राम कुरदी सहित जेवरतला एवं हल्दी में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की नवीन शाखाओं की सौगात दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांकेर सांसद भोजराज नाग ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, प्रमोद जैन, सौरभ लुनिया, मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की बागडोर सम्भालने के बाद किसानों के हित में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का साहसिक निर्णय लिया। इसके फलस्वरूप 08 महीने के अल्प अवधि में ही राज्य के किसानों के खाते में 49 हजार करोड़ की राशि अंतरित कर दी ▶▶|शेष पेज 9 पर

### खास बातें

- अब 111 फीट की ऊंचाई पर लहराएगा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा डॉ रमन ने किया लोकार्पण
- वीर सपूत उद्यान का किया लोकार्पण, छत्तीसगढ़ महतारी व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनवारण
- ग्राम कुरदी, जेवरतला और हल्दी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नई शाखाओं की दी सौगात

## विधायक निषाद ने लगाया उपेक्षा का आरोप, मंच नहीं जमीन पर बैठे

ग्राम कुरदी में आयोजित समारोह में क्षेत्रीय विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद ने प्रशासन पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। समारोह में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह व भोजराज नाग का स्वागत अभिनंदन करने के बाद कुंवर सिंह मंच पर नहीं बैठे, बल्कि एवं दर्शक दीर्घा में जाकर पूरे समय जमीन पर बैठे रहे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुंवर सिंह निषाद ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और ग्रामीणों तथा अधिकारियों के जाने के बाद ही वे वहां से उठे।

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि प्रशासन की कार्यशैली का मैंने विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे क्षेत्रीय विधायक होने के बाद भी कार्यक्रम में मेरी उपेक्षा की गई। समय पर सूचना नहीं दी गई। मूल आमंत्रण कार्ड में मेरा नाम नहीं था, मुझे संतुष्ट करने अतिथि क्रम में मेरा नाम लिखा एकमात्र कार्ड छपवाकर मुझे दिया गया। फिर भी मेरे विधानसभा क्षेत्र में



विधानसभा के मुखिया पहुंचे हुए हैं, इसलिए मैं उनका अभिनंदन करने आया हूं। कुंवर सिंह निषाद ने दावा किया कि आज जिन कार्यों का लोकार्पण किया गया है, उसके लिए कांग्रेस शासन काल में राशि स्वीकृत हुई थी। यह मूलतः सरकारी कार्यक्रम था, इसमें मुझे स्थानीय विधायक होने के नाते वह सम्मान नहीं दिया गया, जो मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में लगातार कांग्रेस विधायकों की उपेक्षा हो रही है, यह बंद होना चाहिए।

### निमंत्रण देने मैं स्वयं गया था विधायक कार्यालय : सरपंच

सरपंच ग्राम पंचायत कुरदी संजय साहू ने कहा मैं स्वयं विधायक कार्यालय उन्हें निमंत्रण देने गया था। लेकिन, विधायक नहीं मिले तो मैं उनसे फोन पर बात कर उन्हें आमंत्रण दिया हूं। एसडीएम सुरेश साहू ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के आने की सहमति एवं प्रोटोकॉल आने के बाद हमने विधायक के निवास पर प्रतिनिधि भेजकर आमंत्रण पत्र भिजवाया था।

### काला झंडा दिखाने जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार



ग्राम कुरदी में आयोजित 111 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज एवं वीर सपूत गार्डन के लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद की कथित उपेक्षा से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं भोजराज नाग को काले झंडे दिखाने की तैयारी की थी। लेकिन, इसकी जानकारी लगते ही प्रशासन ने गुण्डरदेही एवं अर्जुन्दा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर दिन भर थाना में बैठा दिया। सभी को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद छोड़ दिया गया। इस दौरान गुण्डरदेही में भोज साहू, रिजवान तिगाला, अभिषेक यादव, फरहान अली, रोशन पटेल गोलू, महाराज, आसिफ गहलोद, लोमन निषाद, चन्द्रिका चन्द्राकर को गिरफ्तार किया गया।

### 111 फीट की ऊंचाई पर लहराया तिरंगा

ग्राम कुरदी में शनिवार का दिन सौगातों भरा ऐतिहासिक रहा। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने मानो पूरा जिला उमड़ पड़ा था, क्षेत्र के दर्जनो ग्रामो से हजारो ग्रामीण ग्राम कुरदी पहुंचे थे, 111 फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को हवा में लहराता देख उपस्थित लोगों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय ध्वज, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों से वातावरण गूंज गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बटन दबाकर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया। 20 गुणा 30 फीट के इस विशाल राष्ट्रीय ध्वज को अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने



में लगभग 7 मिनट लग गए। इस ऐतिहासिक दिवस का सपना देखने वाले कुरदी ग्राम पंचायत के सरपंच संजय साहू ने कहा कि सरपंच बनने के बाद मेरा सपना था कि ग्राम में ऐसा कार्य करना है, जो ऐतिहासिक हो। इससे ग्राम का गौरव बढ़े एवं ग्राम की पहचान जिले व राष्ट्रीय स्तर पर हो। इसलिए ग्राम में वीर सपूत उद्यान का निर्माण कराया गया, जहां देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के तैल चित्र के साथ उनका जीवन परिचय एवं उनके द्वारा देश के लिए दिए योगदान का उल्लेख है। यह उद्यान हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी एवं आने हमारे वीर सपूतों की बलिदानों की याद दिलाते रहेंगे। वीर सपूत उद्यान मे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्वं अटल बिहारी वाजपेयी की एवं छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति भी जनमानस को प्रदेश, राष्ट्र के लिए समर्पण, त्याग, बलिदान देने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## खबर संक्षेप



### रात 10 बजे के बाद डीजे बजा तो होगा जब्त

**बालोद।** गणेश चतुर्थी से पहले ही बालोद कोतवाली पुलिस ने स्थानीय डीजे साउंड सिस्टम संचालकों की बैठकर लेकर सुप्रीम कोर्ट के नियमों को बताते हुए कड़ी चेतावनी दी है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि कोई भी लाउड स्पीकर या डीजे रात 10 बजे के बाद नहीं बजना चाहिए। अगर रात 10 बजे के बाद डीजे बजने की शिकायत मिली, तो डीजे जब्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के नियमों का पालन करें वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही डीजे की आवाज को लेकर भी चेतावनी देते हुए नियमों के दायरे में ही डीजे बजाने को कहा गया है, ताकि ज्यादा शोर न हो।

### डेविड व रूद्र राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में होंगे शामिल



**डोंडी।** विगत दिनों बालोद में अंडर 17 संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक फुटबॉल का आयोजन किया गया। इस दौरान दुर्ग, राजनांदगांव, मानपुर-मोंहला, बेमेतरा, बालोद जिले के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। इनमें यूनाइटेड ब्लूस स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब डोंडी के डेविड दास और रूद्र ढोके का चयन सरगुजा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### राजधानी रायपुर में हुई सामूहिक दुष्कर्म की जांच करेगी कांग्रेस

**गुरूर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके के बस स्टैण्ड में हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है। आइएसबीटी के पीछे रावणभाटा मैदान में महिंद्रा बस के डिपो के पास की घटना बताई जा रही है, जिसमें दो लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। इनमें से एक आरोपित बस ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजधानी रायपुर भाठागांव अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल में अधेड़ महिला के साथ हुई गैंगरेप की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक संगीता सिन्हा के संयोजकत्व में 6 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। संयोजक विधायक बालोद संगीता सिन्हा, सदस्य विधायक भानुप्रतापुर सावित्री मंडावी, विधायक पामगढ़ शेशराज हरबंश, महामंत्री पीसीसी सीमा वर्मा, संयुक्त महामंत्री पीसीसी डॉ करूणा कुर्रे, सचिव पीसीसी संगीता दुबे की टीम गठित की गई है। जांच समिति के सदस्यों पीड़िता व उनके परिजनों से भेंट व चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अपना प्रतिवेदन सौंपेंगे।



### दामाद की हत्या, सास व पत्नी पुलिस गिरफ्त में

**पाटन।** दामाद के हत्या मामले में पुलिस ने सास और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103, 238, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम मोखली निवासी टिकेश्वर देशमुख का दो साल पहले अनीता देशमुख से शादी कर किया था।

## तेज रफ्तार ट्रक व पिकअप में भिड़ंत दोनों के परखच्चे उड़े, चालक गंभीर

### बालोद-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर ग्राम गुजरा के पास हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बालोद-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 930 के ग्राम गुजरा के पास तेज रफ्तार ट्रक व पिकअप की जबरदस्त भिडंत होने से पिकअप वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर राजनांदगांव रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक और आलू प्याज ▶▶|शेष पेज 9 पर





### सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र बटेरा में हुई बैठक

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व जिला संगठन के निर्देश पर सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए शक्ति केंद्र बटेरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथ के सभी अध्यक्ष, सचिव, पन्ना प्रमुख तथा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथ पर 200 से ज्यादा सदस्य बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र सयोजक डोमेंद्र कुमार देशमुख, सह संयोजक हरेश्वर सिन्हा, बूथ अध्यक्ष कामता सरजू सिन्हा, सचिव बुधराम कुंजाम, तुकाराम साहू,कमलेश सिन्हा,डामन सिन्हा, विजय लोहेंद्र, अध्यक्ष जोगीभाट खूबलाल देशमुख, सचिव बेनीमाधव साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेत में मिला 9 फीट लंबा अजगर, जंगल में छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम शिकारीटोला के कृषक पुनित राम धनकर के खेत में लगभग 9 फीट लंबा अजगर सांप दिखाई दिया। इससे घबराए किसान ने ग्रामीणों को जानकारी दी, जिसके बाद सूचना पर पहुंचे दल्लीराजहरा निवासी शेखर नेताम ने रेस्क्यू कर सांप को बाहर निकाला और बोरं में भरकर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार धनकर परिवार खेत गया था, जहां घास की लुआई कर रहा था। इसी दौरान उसका पांव किसी चीज से टकराया। उसने देखा तो उसके होश उड़ गए। विशालकाय अजगर सांप बैठा था। सांप को देखकर घबराया हुआ किसान गांव की दौड़ा और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। साथ ही वन विभाग को भी सूचना दी गई। वन विभाग ने सांप रेस्क्यू करने वाले शेखर नेताम को इसकी सूचना दी। शेखर नेताम ने सांप को पकड़कर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। तब तक सांप देखने खेत में ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच चुके थे। वहीं सांप को जंगल में छोड़े जाने के बाद किसानों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



### जांजगीर चांपा में 1 से 4 सितंबर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

## राज्यस्तरीय कुश्ती में भाग लेंगे भरई स्कूल के 8 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के तहत कुश्ती खेल के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिरई के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन दुर्ग में 8 अगस्त को आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ था। इन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में 1 सितंबर से 4 सितंबर तक आयोजित है, जिसने सम्मलित होने हेतु 31 अगस्त को खिलाड़ी अपने व्यायाम शिक्षक



जानकी साहू के साथ रवाना हुए। व्यायाम शिक्षक जानकी साहू ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में फलेंद्र सिन्हा, छाया सिन्हा, दीपिका ठाकुर, अरुण कुमार, रिया, मीनाक्षी, भाविका, कामाक्षा शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के चयन पर संस्था के प्राचार्य पीके साहू, एलके सिन्हा, पीटर कुमार कुर्रे, एमके मारकंडे, मनीष बोरकर, एके जंघेल, ध्रुवे, एमपी साहू, जाकिया, रणसीह, संध्या साहू, तेजेश्वरी साहू, गजेंद्र सिन्हा, लिकेश हिंदू ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### राज्य स्तर पर चयनित बासीन स्कूल के खिलाड़ियों का किया गया सम्मान



**गुरूर।** खेल दिवस के अवसर पर वंदे मातरम क्रीड़ा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बासीन के राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को योग कीट प्रदान कर सम्मान एवं सहयोग किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष तोषण लाल साहू एवं सदस्य दिनेश कुमार माथाटेकन, वीरेंद्र कुमार साहड़ा, हुमन लाल साहू, टीआर निषाद, मोजी राम निषाद, खेमलाल निषाद एवं शाला प्रबंध समिति प्राथमिक शाला बासीन के अध्यक्ष प्रीतम निषाद तथा शासकीय महाविद्यालय बासीन के जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल साहू, बृजकिशोर मधुकर संकुल प्राचार्य, संकुल समंवयक डीके गंगबेर, प्रधान पाठक बासीन रामेश्वर लाल नेताम, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बासीन रोहिणी साहू एवं समस्त शिक्षक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बासीन उपस्थित थे। इस अवसर पर वंदे मातरम क्रीड़ा समिति, शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने समय पर सहयोग प्रदान करने की अपील की साथ ही समिति के द्वारा बच्चों के कोच बाला राम निषाद को उनके प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने पुरातत्व नगरी सिरपुर का किया भ्रमण

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने महासमुंद प्रवास के दौरान शुक्रवार को पुरातत्व और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में प्रसिद्ध प्राचीन लक्ष्मण मंदिर का अवलोकन किया। राज्यपाल मंदिर की भव्यता और निर्माण शैली को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने तिवरदेव विहार और सुरंग टीला का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने मंदिरों के इतिहास और निर्माण शैली की विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर विजिटिंग रजिस्टर में मंदिरों के रखरखाव की सराहना की और इनके सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने सुझाव भी दिए। इस अवसर पर महासमुंद जिला प्रशासन के अधिकारी तथा वन एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए : बृजमोहन



रायपुर। कानून व्यवस्था पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पत्रकारवार्ता पर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए। कांग्रेस के समय रायपुर शहर चाकूपुर बन गया था। आदिवासियों, बच्चियों के साथ अनाचार हो रहा था। अधिकारियों के साथ मारपीट कर जमीन पर कब्जा हो रहा था। कांग्रेस के राज में कानून की स्थिति खराब रही है। आज लोग अपना जीवन शांतिपूर्ण ढंग से जी रहे हैं। चाहे किसी भी घोटाले में संलिप्त लोग हों, वह अपने दबड़ों में छिप गए हैं।

### 70 लाख को महतारी वंदन की किस्त 2 को



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 2 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर 70 लाख महतारी-बहनों को तीजा पर्व के उपहार स्वरूप महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत माता-बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपए की राशि जारी की जाएगी।

### सड़क निर्माण का भूमिपूजन



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड के यादवपारा में नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने कहा कि जहां संकरी गलियां हैं, वहां सड़क चौड़ी एवं नाली निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणेशराम साहू, सुरेश यादव, कुसुम श्रीवास्तव, भामिनि चंद्राकर, उषा यदु आदि उपस्थित थे।

# अब नया बजट बनाने की तैयारी, अपरीक्षित व्यय के नवीन मदों को नहीं मिलेगी वरीयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया वार्षिक बजट 2025-26 बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वित्त विभाग ने बजट का कार्यक्रम तैयार कर लिया है। खास बात ये है कि नए बजट को लेकर साफ किया गया है कि बजट में अपरीक्षित व्यय के नवीन मदों के स्थान पर परीक्षित मद के रूप में प्रस्तावों को वरीयता दी जाएगी। अपरिक्षित नवीन मद के प्रस्ताव केवल मंत्री स्तरीय चर्चा में ही विचार किए जाएंगे।

अलग खबर

## वित्त विभाग ने जारी किया बजट कार्यक्रम

### अब पांच सितंबर से बजट पर होगा काम

वित्त विभाग द्वारा जारी बजट कार्यक्रम के मुताबिक 5 सितंबर से बजट बनाने की प्रक्रिया शुरु होगी। वित्त विभाग द्वारा 5 को बजट नियंत्रण अधिकारियों को बजट राजस्व प्राप्तियों की अलग-अलग प्रविष्टियों के लिए ऑनलाईन बजट मॉड्यूल लिंक तथा हार्ड कॉपी दी जाएगी। 13 सितंबर को 31 मार्च 2024 की स्थिति में विभाग( विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों) में उपलब्ध वाहनों, दूरभाष एवं कंप्यूटरों की सूची तथा स्वीकृत पद संरचना एवं परिसंपत्तियों की जानकारी ऑनलाईन, एवं हार्ड कापी वित्त विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। अक्टूबर से राजस्व प्राप्तियां, वसूली के बजट अनुमान, 2025-26 के बजट प्रसत्वा वित्त विभाग में प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। नवंबर 4 से 8 के बीच विभागाध्यक्ष स्तरीय राजस्व प्राप्तियों पर चर्चा होगी। इस में विभागाध्यक्ष एवं विशेष सचिव अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव चर्चा में हिस्सा लेंगे।



### ये विशेष निर्देश भी

वित्त विभाग ने विभागों को निर्देश दिया है कि आदिवासी क्षेत्र उपयोजना तथा अनुसूचित जातियों के विशेष घटक योजना के बजट प्रस्ताव आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के वित्तीय सलाहकार प्रकोष्ठ को भेजे जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मांग संख्याओं के अंतर्गत संचालित योजनाओं का समेकित बजट प्रस्ताव एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संबंधित विभागों से चर्चा कर तैयार किए जार वित्त विभाग को समय सीमा में भेजा जाएगा।

### क्या होता है अपरीक्षित मद

वित्त के जानकारों के मुताबिक अपरीक्षित मद से मतलब ये है कि ऐसे मद जो पूर्व में बजट में शामिल नहीं हुए हैं या उन मदों का परीक्षण नहीं हुआ है। हर बार बजट में नवीन मद में शामिल किए जाते हैं। इनकी जगह नवीन व्यय के ऐसे प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे, जिनकी स्क्रूटनी हो चुकी है। हर साल विभिन्न सरकारी विभागों के बजट में नवीन व्यय के मदों को शामिल करने का प्रस्ताव विभाग वित्त को भेजते हैं। नवीन मद के प्रस्ताव को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में शामिल कराया जाता है, लेकिन ऐसा होने के कारण संबंधित वित्तीय वर्ष में योजना के क्रियान्वयन में कठिनाई आती है। इसके साथ ही पारित बजट के नवीन मद, योजना की प्रशासकीय स्वीकृति में प्रक्रियागत त्रुटि एवं अपूर्णता के कारण विलंब की स्थिति निर्मित होती है।


# पंजीयन दफ्तर में रखे सालों पुराने दस्तावेजों पर मंडरा रहा खतरा

### आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे कई हफ्तों से खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंजीयन विभाग में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से संबंधित सालों पुराने रिकार्ड पड़े हुए हैं। इन रिकार्डों पर अब खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि इनकी सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले कई हफ्तों से खराब पड़े हुए हैं। इन कैमरों को सुधारा तक नहीं जा रहा है। बंद पड़े कैमरों का फायदा उठाकर किसी भी समय कोई भी दस्तावेजों से छेड़छाड़ या गायब कर सकता है, जिसके सबूत मिलने की भी संभावना नहीं रहेगी। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कैमरों का मेंटनेंस का काम चलता रहता है। अगर कैमरे खराब हैं, तो जल्द ही सुधार लिए जाएंगे।





### लोग स्वयं से करते हैं दस्तावेज सर्च

पुरानी प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री से लेकर कई न्यायालय प्रकरणों के लिए लोग स्वयं से या फिर वकीलों के माध्यम से पंजीयन दफ्तर में प्रॉपर्टी का पुराना रिकार्ड निकलवाते हैं। इसके लिए आवेदन फार्म के साथ निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जाता है। शुल्क पटाने के बाद दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे दस्तावेजों में अपने काम के दस्तावेज ढूंढने के लिए उन्हें स्वयं से सर्च करना पड़ता है। हालांकि सर्च के बाद दस्तावेज की फोटो कॉपी का काम दफ्तर में ही होता है। इस तरह दफ्तर में स्टॉफ की कमी के कारण कोई भी पुराना दस्तावेज को ढूंढने से लेकर कॉपी कराने तक सारा काम आवेदक को ही करना पड़ता है। सर्च के दौरान कोई भी आवेदक दस्तावेजों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं कर सके, इसलिए उन पर नजर रखने के लिए रिकार्ड रूम, कैश काउंटर सहित दफ्तर में कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से आधा दर्जन खराब होकर बंद पड़े हुए हैं।

### मॉनिटरिंग भी नहीं की जा रही

सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए उप पंजीयक कक्ष-5 के बगल कमरे में एलईडी टीवी लगाई गई है। यहां पंजीयन दफ्तर में लगाए गए कैमरों की मॉनिटरिंग की जाती है, लेकिन इस कमरे में मॉनिटरिंग के लिए कोई स्टॉफ ही तैनात नहीं है। इस तरह सुरक्षा के मद्देनजर कैमरे तो लगाए गए हैं, लेकिन इसकी मॉनिटरिंग ही नहीं की जा रही है। यहीं कारण है कि बंद पड़े कैमरों को भी सुधारा नहीं जा रहा है।

### एजेंसी की लापरवाही, नहीं किया जा रहा मेंटनेंस

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पंजीयन दफ्तर में कैमरे लगाने और उसके मेंटनेंस का काम किसी एजेंसी को दिया गया है। इस एजेंसी के साथ अनुबंध कितने साल के लिए हुआ है और मेंटनेंस क्यों नहीं किया जा रहा है, इस संबंध में अधिकारी भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इसका पूरा ठेका मुख्यालय से हुआ है, इसलिए इस बारे में मुख्यालय से ही जानकारी मिल पाएगी।

### 16 में 6 कैमरे बंद

पंजीयन दफ्तर में कुल 16 कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से 6 कैमरे बंद पड़े हुए हैं। ये कैमरे रिकार्ड रूम, कैश काउंटर, हॉल, उप पंजीयक की गली, स्टाम्प बिक्री हॉल, पंजीयक कक्ष के बाहर, रिफंड काउंटर आदि जगहों पर लगे हुए हैं।

### स्कैनिंग का काम भी अटका

पंजीयन दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे सालों पुराने दस्तावेजों का डॉटा ऑनलाइन किए जाने का काम भी पूर्व कांग्रेस शासन काल में चल रहा था। इसके लिए दस्तावेजों को स्कैनिंग कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। इस काम के लिए पंजीयन विभाग द्वारा किसी कंपनी से अनुबंध किया हुआ है। स्कैनिंग का काम एक-दो साल तक चलता रहा, लेकिन उसके बाद बंद हो गया है। कंपनी द्वारा अब मनमाने रूप से काम करने लगी है। सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम वर्ष 2019 से घटते वर्ष के अनुसार किया जा रहा है जो वर्ष 2017 तक ही हो पाया है। इसके पहले वर्षों के दस्तावेजों का स्कैनिंग का काम नहीं हो पाया है।

### खराब कैमरे जल्द सुधारे जाएंगे

कैमरे खराब है। इसकी जानकारी नहीं है। मेंटनेंस का काम चलते रहता है। बंद है तो उन्हें जल्द ही सुधरा लिया जाउगा। स्कैनिंग कर दस्तावेजों को ऑनलाइन करने की विस्तृत जानकारी मुख्यालय से ही मिल पाएगी।

- आशुतोष कौशिक, पंजीयक
जिला पंजीयन रायपुर

# सीएम साय को राजधानी में दिलाई जाएगी भाजपा की पहली सदस्यता





### कार्यक्रम में भाजपा के ओबीसी सांसद और विधायकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रारंभ करने के लिए राजधानी रायपुर में एक बड़ा कार्यक्रम तीन सितंबर को रखा गया है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भाजपा का पहला सदस्य बनाकर सदस्यता दिलाएंगे। इसी के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ हो जाएगा। हालांकि आम लोगों को 6 सितंबर से बूथों में सदस्य बनाने का काम होगा। राजधानी के कार्यक्रम में ओबीसी वर्ग के प्रदेश के सभी सांसद और विधायकों का भी सम्मान होगा। कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण प्रसाद भी आएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं समस्त भाजपा मोर्चा प्रभारी भरतलाल वर्मा ने बताया, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ देश में 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाथों सदस्यता ग्रहण कर करेंगे। इसके अगले दिन 3 सितंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण करके करेंगे। श्री वर्मा ने बताया, कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण प्रसाद एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में होगा। इस दौरान प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद उपस्थित रहेंगे। श्री वर्मा ने बताया, भाजपा सदस्यता अभियान के शुभारंभ के पश्चात भाजपा के पिछड़ा वर्ग से निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों, सांसदों व विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा। श्री वर्मा ने कहा, पार्टी द्वारा ओबीसी मोर्चा को कार्यक्रम हेतु महती जिम्मेदारी दी गई है। सदस्यता अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु ओबीसी मोर्चा लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए विशेष कार्ययोजना भी बनाई गई है।

# उद्यानिकी में छत्तीसगढ़ को प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देश की राजधानी नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित राष्ट्र स्टार की प्रदर्शनी एग्रीटेक इनोवेट इंडिया में छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने स्टॉल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उद्यानिकी विभाग के संचालक जगदीशन एस. के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं वानिकी कृषकों की सफलता की कहानी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में 29 से 31 अगस्त तक आयोजित एग्रीटेक इनोवेट इंडिया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन के उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाई गई है। इस स्टॉल में उद्यानिकी उत्पाद पुष्प, फल, सब्जी एवं प्रसंस्कृत उत्पादों से सुसज्जित कर प्रगतिशील कृषकों की सफलता की कहानी प्रदर्शित की गई। स्टॉल में सक्ती जिले की मल्लिका किस्म की आम एवं जेरेनियम का बना हुआ रूम फ्रेशनर आदि प्रसंस्कृत उत्पाद प्रदर्शित किया गया, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के स्टॉल को आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों सहित प्रबुद्धजनों द्वारा काफी सराहना मिल रही है। स्टॉल में दिल्ली सहित अन्य राज्यों के किसान उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

## प्रदेश में अब तक 908.8 मिमी औसत वर्षा

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 908.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से 30 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1881.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 506.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, 1 जून से अब तक सूरजपुर जिले में 916.4 मिमी, बलरामपुर में 1326.5 मिमी, जशपुर में 794.0 मिमी, कोरिया में 930.7 मिमी, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 929.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 745.1 मिमी, बलौदाबाजार में 945.7 मिमी, गरियाबंद में 875.5 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई। महासमुंद में 723.1 मिमी, धमतरी में 785.6 मिमी, बिलासपुर में 844.8 मिमी, मुंगेली में 940.9 मिमी, रायगढ़ में 892.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 535.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 997.0 मिमी, सक्ती 856.8 मिमी, कोरबा में 1223.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 932.2 मिमी, दुर्ग में 544.2 मिमी, कबीरधाम जिले में 711.0 मिमी, राजनांदगांव में 872.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 981.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 645.2 मिमी, बालोद में 910.7 मिमी, बेमेतरा में 499.3 मिमी, बस्तर में 949.9 मिमी, कोण्डागांव में 860.9 मिमी, कांकेर में 1067.6 मिमी, नारायणपुर में 1002.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1137.9 मिमी और सुकमा जिले में 1225.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# अस्पताल में हुई आपात व्यवस्था तो बजेगी घंटी, तैनात होंगे 12 बंदूकधारी

## मरीजों की जानकारी के लिए लगाए जाएंगे साइन बोर्ड, काउंसिलर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसी तरह की हिंसक घटना अथवा कोई अन्य इमरजेंसी होती है, तो अस्पताल में अलार्म बजेगा। सुरक्षा के मद्देनजर वहीं सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के साथ 12 बंदूकधारी जवानों को तैनात किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को भटकना ना पड़े, इसके लिए वहां साइन बोर्ड लगाने के साथ काउंसिलर की नियुक्ति भी की जाएगी।

गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आंबेडकर अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय के स्वशासी समिति की बैठक में विभिन्न फैसले लिए गए। कालेज और अस्पताल की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के लिए वहां अलार्म सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर वहां बंदूकधारी जवानों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। अस्पताल में इलाज के लिए प्रदेश के दूरवर्ती गांवों से भी मरीज पहुंचते हैं और उनको जांच और इलाज के लिए भटकना पड़ता है। उनकी सुविधा के लिए वहां अलग-अलग स्थानों पर साइन बोर्ड लगाया जाएगा और मदद के लिए काउंसिलर की नियुक्ति भी की जाएगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर सात साल से बंद पड़ी पैट सीटी मशीन को प्रारंभ करने के लिए महीनेभर की तारीख फिर से तय की गई है। इसके साथ पोस्टमार्टम की व्यवस्था अपडेट करने के लिए नई वर्चुवल मशीन खरीदने के प्रस्ताव को भी सहमति दी गई है।



### जांच कराने डीके जाएंगे मरीज

पुरानी होने के साथ ज्यादा जांच का दबाव झेल रही रेडियोलॉजी संबंधी जांच के लिए आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को डीके अस्पताल भेजने की पुरानी योजना को फिर से हरी झंडी दी गई है। पूर्व में भी इस सिस्टम को लागू किया गया था, मगर भर्ती मरीज दोनों अस्पताल के बीच का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं हुए थे।

### पुराने डीएमई दफ्तर पर बनी सहमति

पुराने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय का भवन हास्टल के रूप में उपयोग करने के लिए डीके अस्पताल को सौंपे जाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा डीके अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण की योजना को शुरू करने के लिए भी जरूरी उपकरण जुटाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही यहां कुछ अन्य विभाग खोलने के मामले में संसाधन की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं।

# एनएसयूआई ने गांधीवादी तरीके से किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा घटना में विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में एनएसयूआई ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया।

बलौदाबाजार हिंसा घटना में विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई पदाधिकारी सूर्यकांत वर्मा, अजीत कोशले, शैलेंद्र बंजारे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सभी को झूठे केस में फंसाया गया है। इसके विरोध में एनएसयूआई लगातार आंदोलन कर रही है। इस आंदोलन की कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को गुलाब का फूल एवं गेट वेल सून लिखा संदेश कार्ड देने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस बल द्वारा सभी को नगर निगम के सामने ही रोक दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही बैठकर गांधीवादी तरीके से रघुपति राघव राजा राम का भजन गाकर अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जिलाध्यक्ष शहर शान्तनु झा, जिलाध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी, प्रदेश मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, विकास राजपूताना, विशाल कुकरेजा, वैभव मूंजेवार, रजत ठाकुर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, आशीष तिवारी अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# चारपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

- गिरफ्तार आरोपियों में एक पंजाब का रहने वाला
- पुलिस गिरफ्त में आए गिरोह ने हाईवा के साथ कार चोरी की घटना को अंजाम दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तेलीबांधा तथा क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने चारपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की हाईवा तथा एक कार जब्त की है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों में एक पंजाब का रहने वाला है। बदमाशों ने 10 दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास खड़े हाईवा की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों को मौके पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा में हाईवा तथा माना थाना क्षेत्र में कार चोरी करने के आरोप में पंजाब, मोगा निवासी तेजेंदर पाल सिंह, राजेंद्र नगर निवासी सतनाम सिंह, धनसुली निवासी मनीष यदु को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सतनाम सिंह पूर्व में हाईवा चोरी तथा आबकारी एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। चोरी की कार को बदमाश नंबर प्लेट बदलकर उपयोग कर रहे थे। बदमाशों ने 21 अगस्त को हाईवा चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## खबर संक्षेप




### कुडो संघ के 10 खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**दुर्ग।** 29 अगस्त को हुए छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार समारोह में कुडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया। प्रदेश संघ के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि कुडो खेल छत्तीसगढ़ शासन की मान्यता मिलने के बाद पहली बार अलंकरण समारोह में शामिल हुए। और खिलाड़ियों को सम्मान मिला। जिनमें सीनियर महिला वर्ग में लीलिमा सोनी कौशल खेल शिखर कांस्य अलंकरण, जूनियर बालिका वर्ग में खिलेश्वरी साहू खेल अंकुर स्वर्ण अलंकरण, तृप्ति साहू खेल गौरव कांस्य अलंकरण, चयसवरि साहू खेल अंकुर अलंकरण, जूनियर बालक वर्ग में मनीष कुमार साहू खेल गौरव कांस्य अलंकरण राशि, पेमेश्वर कौशिक खेल गौरव कांस्य अलंकरण , तुकेश सप्रे खेल अंकुर अलंकरण, गौरव बर्वे खेल गौरव कांस्य अलंकरण, लक्ष्मी नारायण खेल गौरव कांस्य अलंकरण, चैतन्य साहू खेल अंकुर अलाकरण से नवाजा गया।

### रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, विधायक गजेंद्र यादव, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, सीएमएचओ डॉ मनोज दानी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोनगांवकर की मौजूदगी में रक्तदाता को प्रमाण प्रदान किया गया। मौके पर स्वास्थ मंत्री द्वारा जिला चिकित्सालय के कई वार्ड का अवलोकन भी किया गया। इसी कड़ी में ब्लड बैंक की भी जानकारी अधिकारियों से लिए।

### सांसद निधि से निर्माण कार्य की स्वीकृति

**दुर्ग।** सांसद विजय बघेल की सांसद निधि से विकासखण्ड धमधा में एक निर्माण कार्य के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किये हैं। कलेक्टर ने धमधा ब्लाक के ग्राम मढ़ियापार मेला स्थल में शेड निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सांसद निधि से 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किये हैं। निर्माण कार्य की नोडल एजेंसी सीईओ जनपद पंचायत धमधा है। सांसद ने निर्माण कार्य के लिए प्रथम किश्त 7 लाख 50 हजार रूपए की राशि निर्माण कार्य की नोडल एजेंसी को प्रदान कर दी है।

### विधायक निधि से 21 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत तीन कार्यों के लिए 39 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर ठेठवार यादव समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के बेसिक स्कूल मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया।ठेठवार यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिला इकाई बेमेतरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय मुख्यालय राजिम महासभा गुलेन्द्र यदु ने की। कार्यक्रम में रथ द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान माता-बहनों ने कलश यात्रा निकाली, जिसमें अहीर नृत्य दल द्वारा झांकी और अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। वहीं, भजन संध्या की प्रस्तुति ओम यदु ने दी। इस दौरान श्री कृष्ण लीला के प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

## बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीपेश हुए शामिल



### दही की हांडी फोड़ना आपसी सामंजस्य से ही संभव : योगेश



**बेमेतरा।** विधानसभा के ग्राम पथरपुंजी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और दही लूट के कार्यक्रम ने बच्चों आपसी तालमेल और सामंजस्य का परिचय देकर बता दिया कि दही की मटकी फोड़ना ये आपसी तालमेल से ही संभव है। उन्होंने सभी गाँव वासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम में सरपंच दिनेश निषाद, उपसरपंच छोटकू मनहरे, समस्त पंच गण, महिला कमांडो, रामावतार वर्मा, नरेश चेलक, हेमिन चेलक, मनीष डेहरे, तरुण बारले, दीपेश मनहरे, उदे मनहरे, विक्की चेलक, साखीलाल,आरती, पूर्णिमा, सुमिता गायकवाड़, पुष्पा डेहरे, बेदीन चेलक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश ने कहा कि प्रथम कथा वाचक श्री कृष्ण हैं, जिन्होंने गीता के माध्यम से पूरे जगत को ज्ञान की बातें बताईं और जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ना और जीतना सिखाया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जगत के पालनहार हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा, सजनी यादव पार्षद, दाऊराम साहू,राम सिंह यादव,परमानंद यादव,नरोत्तम यादव, विजय यादव,तोरण यादव, राधेश्याम यादव, बिहारी लाल यादव, बीपी यदु जिलाध्यक्ष, दिन बंधु यदु ब्लॉक अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण यादव, सहित यादव समाज के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामान्य सभा: चार घंटे चली बैठक सदस्यों ने किया जमकर हंगामा

# बैठक में चाय-नाश्ता करने नहीं आते, तैयारी कर पहुंचें अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कृषि विभाग द्वारा जानकारी नही दिए जाने पर बिफर गए। उन्होने कृषि सहित अन्य विभाग को सचेत करते हुए कहा कि हम यहां चाय-नाश्ता करने नही आते है। हमारा समय बहुत कीमती है। ऐसे में आप पूरी तैयारी से बैठक में पहुंचे। उन्होने सामान्य सभा की बैठक को हल्के में लिए जाने की बात कही। इसके आलावा बैठक में विभाग प्रमुख के गायब रहने और फोन नही उठाते के मामले में सदन गरम रहा।

बैठक में पहले पालन प्रतिवेदन पढा गया। दोपहर एक से चार बजे तक चले इस बैठक में खनिज विभाग, वन विभाग और शिक्षा विभाग को सदस्यों ने जमकर घेराव किया। कृषि विभाग के अधिकारी को विधायक ललित चंद्राकर ने पूछा कि कितने जगह खाद दुकानों में कार्यवाही की गई है, जिस पर उत्तर नही मिलने पर वे भडक गए और तैयारी से आने की नसीहत दी। सदस्य चंद्रकला मनहरे ने बीज निगम में मशीन वितरण पर सिर्फ एक ही व्यक्ति को लाभ देने का आरोप लगाया। बैठक में ऐसे कितने लोग हैं जिन्हें ट्रैक्टर दिया गया है, कि जानकारी मांगी गई। जिस पर जवाब नही मिला। इसके आलावा शिक्षको के रिक्त पदों को मुद्दा गर्माया रहा। खनिज विभाग के अधिकारी दीपक मिश्रा का सदस्यों ने घेराव कर दिया। सदस्य लक्ष्मी साहू ने कहा कि, फोन करने के बाद भी अवैध खनन की सुनवाइ नही होती है। उन्होने बताया कि अंजोरा, बोरई, नगपुरा में अवैध मुरूम खनन होने की जानकारी दी गई।

## जिला पंचायत के सदस्यों ने संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जताई नाराजगी




### वन विभाग ने नहीं कराया पौधारोपण

जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने कहा मिनिमाता चौक से अंडा और दुर्ग बायपास तक सडक चौडीकरण में पेडों की कटाई के बाद पौधरोपण नही किए जाने का मामला उठाया। यहां लगने वाले पेडों को तालपुरी जो हाउसिंग बोर्ड का इलाका है। वहां पौधरोपण किए जाने का मामला गर्माया रहा। यही नहीं चौडीकरण में पेडों की कटाई के बाद इसे बेचने को लेकर भी सवाल उठाया गया। धमधा से नंदई रोड में भी पेडों की कटाई की गई। विभाग का कहना था कि, यहां उनके द्वारा पेडों की कटाई नही की गई। जिसकी जानकारी जिला पंचायत को दी गई, लेकिन अफसर जानकारी नही दिखा पाए। विधायक चंद्राकर ने कहा पौधरोपण के नाम पर पैसों की बर्बादी नही की जानी चाहिए।

### पीडब्ल्यूडी ने कहा फंड नहीं

बैठक में सदस्यों ने सडक मरम्मत का मामला उठाया। जिस पर एसडीओ अभिषेक मेश्राम का कहना था कि, राज्य शासन से मरम्मत के लिए फंड नही मिला है। उन्होने बताया जहां जहां सडक जर्जर है। वहां बाढ आपदा फंड से खर्च किया जा रहा है। इस दौरान सदस्यों ने नगपुरा से रसमडा और पुलगांव नाले की सडक को लेकर जमकर हंगमा किया। सदस्य लक्ष्मी साहू का कहना था कि, नगपुरा से रसमडा के चार किमी की सडक चलने लायक नही है। जिस पर एसडीओ ने कहा कि दस दिन के अंदर सुधार कराएंगे।

### विभाग प्रमुख गायब, कलेक्टर को बुलाने अड़े

सामान्य सभा की बैठक में सदस्य विभाग प्रमुख के बजाय छोटे अधिकारी को भेजने पर नाराज दिखे। इसके बाद भी संतोषजनक जवाब नही दिए जाने की बात कही गई। जिस पर नाराज सदस्य और विधायक ने कलेक्टर को भी अगली बैठक में बुलाने का प्रस्ताव तैयार करने कह दिया। इस तरह बैठक में शिक्षा विभाग, खनिज, वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई विभाग को लेकर चर्चा की गई।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम में बैगलेस डे पर हुए विविध कार्यक्रम





**बालोद/निकुम ।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम स्कूल निकुम में शनिवार को बैगलेस डे पर हाउस ड्रेस में बच्चे अरपा, पैरी, महानदी, शिवनाथ ग्रुप में हरा, लाल, नीला, पीला ड्रेस पहनकर पहुंचे। इस दौरान एक्टीविटी में जुंबा डांस, योग, व्यायाम, खेलकूद कराया गया। इस अवसर पर निकुम की युगल दंपती दिनेश व पूजा साहू ने अपने बच्चे गुनीत साहू के जन्मदिन पर 400 स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया। पूर्व में प्रभारी जीएल बंजारे, शिक्षिका डॉ दिव्या पवार, रिया भोयार, हर्षा सिन्हा, मंजूलता देवांगन ने बच्चों को न्योता भोजन कराया।इस अवसर पर ग्राम सरपंच मुक्ति सुधाकर ने कहा कि न्योता भोज से बच्चों को पौष्टिक आहार मिलता है, जो बच्चों के सेहत के लिए लाभदायक हैं। इस अवसर पर सेजस पालक समिति अध्यक्ष निकुम दिलीप साहू, सीएसी संकुल केन्द्र निकुम संजय चन्द्राकर, डामेश्वर देशमुख सहित टीचर्स स्टाप खुशबु मिश्रा, नेहा पिल्ले, हर्शा सिन्हा, साक्षी, डॉ. दिव्या पवार, रीया भोयार उपस्थित थे।



### जामगांव आर में हुई शक्ति केंद्र स्तरीय कार्यशाला

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्र स्तरीय मतदाता बनने बनाने अभियान को व्यापकता के साथ अग्रसर करने के लिए जामगांव आर शक्ति केंद्र स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। जामगांव आर भाजपा मंडल महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी तेजेंद्र पिपरिया, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, पूर्व महामंत्री एवं सोसायटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर, पूर्व कोषाध्यक्ष एवं शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने मतदाता बनने बनाने की प्रक्रिया पर रोशनी डाली। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी तेजेंद्र पिपरिया, भाजपा नेता नरेश केला, भगवान सिंह चंद्राकर, कन्हैयालाल साहू, अंगेश्वर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, मनीष जैन, मेघनाथ सागरवंशी, मुकेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पोला कल, तैयारियों को लेकर सजा बाजार

**डौंडीलोहारा।** पोला छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से एक पोला सोमवार को मनाया जाएगा। पर्व भादो माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है। वे इस दिन बैलों का साज सज्जा कर पूजा अर्चना कर सुख-शांति की कामना करते हैं। जहां घरों में बैलों की पूजा होती है, वहीं लोग पकवानों का लुत्फ भी उठाते हैं। इसके साथ ही इस दिन 'बैल दौड़ प्रतियोगिता' का आयोजन भी किया जाता है। इस त्योहार को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अंचल के बाजार मिट्टी से बने बैलों के साथ ही बालिकाओं के खेलने के लिए मिट्टी से बने गृहस्थी में काम आने वाले जांता-पोरा सहित विभिन्न प्रकार के खिलौनों से सज गए हैं।

### होटल, क्लब, बार संचालकों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**दुर्ग।** जिले के समस्त एफ.एल. */होटल/क्लब बार संचालकों की बैठक सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय में आहुत की गई। बैठक में शासन के निर्देशों के परिपालन में बार संचालकों को 1 सितम्बर 2024 से विदेशी मदिरा की नवीन प्रदाय व्यवस्था के तहत बार गोदाम में उपलब्ध होने वाले स्प्रिट व माल्ट मदिरा के प्रचलित ब्रांड/लेबल के लगभग 372 ब्रांड की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी है। साथ ही उक्त प्रचलित ब्रांड/लेबल के बार संचालकों को ग्राहकों की मांग अनुसार अधिक से अधिक उठाव करने के निर्देश दिए गए ताकि शासकीय राजस्व में वृद्धि हो सके। साथ ही बार संचालकों को निर्धारित पंजियों को अद्यतन रखने शासन द्वारा निर्धारित समय पर बार को बंद किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल द्वारा बार संचालकों को दिया गया।

## पेज 7 के शेष...

### मुख्यमंत्री विष्णु देव...

गयी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की माताओं एवं बहनों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए महतारी वन्दन योजना लागू कर प्रति माह उनके बैंक खाते में एक हजार रुपये की राशि अंतरित करने का कार्य किया जा रहा है। डॉ सिंह ने कहा कि आज का दिन ग्राम कुरदी सहित पूरे छत्तीसगढ़ तथा पूरे देशवासियों के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कुरदी पूरे राज्य में पहला ग्राम पंचायत होगा, जहाँ पर हमारे देश भक्तों के सम्मान में 111 फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराएगा। **आज का दिन ऐतिहासिक : भोजराज-** सांसद भोजराज नाग ने आज के दिन को ग्राम कुरदी सहित देश और प्रदेश के लिये ऐतिहासिक बताया। श्री नाग ने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य शीघ्र ही विकसित राज्य बनेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय साहू ने मांग पत्र प्रस्तुत किया। **हितग्राहियों को सामग्री वितरित, खिलाड़ियों का सम्मान-** इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, मोर लइका स्वस्थ लइका अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट तथा आदिवासी विभाग के अंतर्गत 08 हितग्राहियों को सामुदायिक वन अधिकारी पत्रक एवं 02 हितग्राहियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रक के अलावा दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राय सायकल, श्रवण यन्त्र एवं छड़ी का भी वितरण किया गया। इसके अलावा अतिथियों ने राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओ में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। समारोह में अतिथियों के द्वारा बिहान योजना के अंतर्गत 05 महिला स्वसहायता समूहों को प्रति समूह 60 हजार के हिसाब से कुल 03 लाख रुपये का सीआईएफ चेक का वितरण किया। इस अवसर पर संध्या भारद्वाज, चेमन देशमुख, नरेश यदु, तोमन साहू, पवन सोनबरसा, टिनेश्वर बघेल, मोहित कुमार, केशुराम, लिलाराम ठाकुर, नरेश साहू, राजेन्द्र पिपरिया, नरेन्द्र देवांगन, मूलचंद साहू, अग्रहिज देवांगन के अलावा विशाल संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार ट्रक...

से भरे पिकअप के बीच टक्कर होने के बाद पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, हादसे में दोनों ही वाहन जो एक दूसरे में क्षतिग्रस्त हालत में फंसे हुए थे, उन्हें क्रेन की मदद से अलग कर सड़क से हटाया गया। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन चालक रायपुर निवासी प्रिंस 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। आपको बता दें कि जिले में लगातार तेज रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है। भारी भरकम मालवाहक के चालक लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे हैं, वहीं रफ्तार में नियंत्रण नहीं होने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

### नंदवाय में एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

**दुर्ग।** पेड़ मां के नाम अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदवाय में वृक्षा रोपण किया गया। गांव में मिनी स्टेडियम, ग्राम पंचायत भवन, शाला भवन, गौठान, सड़क किनारे भरकाहन रोड आदि में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों व शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया। सरपंच जितेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव बिसहत चंदेल एवं पंच नंदवाय कमलेश बंजारे उपसरपंच, प्रकाश वर्मा रोजगार सहायक तकनीकी सहायक एवं शाला के प्रधान पाठिका अनुसुईया धार्मिक, दुर्गा प्रसाद साहू शिक्षक एवं ग्रामवासी केवलराम बंजारे, रमेश धनकर, नंदकुमार विश्वकर्मा, घनश्याम वर्मा, पारस वर्मा, शाला नंदवाय के सभी बच्चों की मौजूद रहे। जिसमें स्टेडियम में 100 पौधा, पंचायत भवन में 50 पौधा शाला में 40 पौधा, सड़क किनारें 300 पौधा, अमृत सरोवर तालाब में 50 पेड़ फलदार एवं छायादार पौधा का रोपण किया गया।




# सच्चा सुख आत्मा में रमने में ही है

## संत ऋषभ सागर ने बताए पर्वों के प्रकार

**बालोद।** पर्व दो प्रकार के होते हैं। एक होता है लौकिक पर्व, जो शरीर और संबंधों के लिए मनाया जाता है और दूसरा है लोकोत्तर पर्व, जो आत्मा के संबंधों को पुष्ट करने के लिए मनाया जाता है। लौकिक पर्व परंपरा के अतिरिक्त भय के कारण भी मनाते हैं, वहीं लोकोत्तर पर्व भय को मिटाने के लिए होता है। ज्ञानी व्यक्ति लौकिक पर्वों को भी लोकोत्तर पर्व की तरह मना सकता है।



उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने अपने प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिन्हें यह बात स्मरण हो जाए कि सच्चा सुख आत्मा में रमने में ही है, उसे भौतिक जगत की चकाचौंध प्रभावित नहीं कर पाती। यह 8 दिन का पर्व आत्म शुद्धि का पर्व है इसमें आत्मा के दोषों को घटाने का प्रयास किया जाता है। श्रवकों के जो 11 कर्तव्य बताये गए हैं उनका पालन करना चाहिए। ये 11 कर्तव्य साधर्मिक भक्ति करना, तीर्थ की यात्र करना एवं कराना, स्नान महोत्सव मनना या सकल संघ के मंगल की कामना करना, मंदिर आदि में द्रव्य लगाना महापूजन कराना, धर्म जागृति के लिए कम समय सोना, धर्मिक पुस्तकों का बहुमान करना, तपस्वियों का बहुमान करना, तीर्थ में प्रभावना करना और अंत में है अपनी गलतियों के लिए प्रायश्चित करना एवं क्षमा याचना करना है। संत श्री ने कहा कि इन आठ दिनों में अधिक से अधिक जप, तप, धर्म से जुड़कर आत्म शुद्धि का प्रयास करें। आज पोथाजी (धर्म शास्त्र) को संत को सौंपाने की बोली हुई इसका लाभ बख्तावरमल, सोहन लाल, प्रकाश चंद भन्साली परिवार द्वारा लिया गया इसके निमित्त भन्साली परिवार द्वारा रात्रि में भक्ति का कार्यक्रम महावीर भवन में रखा गया है। अन्य बोलियों का लाभ लेने वाले लोगों में जवरीलाल टाटिया, संतोष कुमार मालू, डॉक्टर प्रदीप जैन, कंचन देवी श्री श्रीमाल एवं ऋषभ चौरड़िया हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अंडा थाना उपनिरीक्षक को दी गई विदाई

**अंडा।** अंडा पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे थाना अंडा से मोहन नगर, धन्नू राम अंडा थाना से मोहन नगर, सउनि दिनेश वर्मा थाना अंडा से भिलाई भट्टी बेंजामिन खलखो को थाना अंडा से नगपुरा चौकी रवानगी दी गई। अंडा थाना में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अंडा थाना प्रभारी डा भानुप्रताप साव ने पुष्पमाला से स्वागत करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए श्रद्धापूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर एस आई तुलसी राम साहू, सुंदरलाल नेताम, भागवत प्रसाद, कौशलेंद्र सिंह, आर. तेजेश्वर साहू, भवानी प्रसाद, जगत, कुबेर सिंह, उमाकांत, कोमा,महिला हेमलता ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ के अलावा, ग्रामीण जन व आस पास के जन प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

### बासीन में नवनियुक्त अध्यक्ष व सदस्यों का किया गया सम्मान



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमक विद्यालय बासीन में नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ब्रजकिशोर, अध्यक्ष हुमन लाल साहू, सरपंच प्रमिला हिरवानी, सदस्य डीआर हिरवानी, जीतेन्द्र सांहड़ा, बंशी लाल साहू, टीआर निषाद, गैद लाल सांहड़ा, बेन लाल, टूम्मन लाल, मोजी राम निषाद, लेखराम, हेमकुमारी साहू, भागोली राम साहू, अशोक बनपेला, सेवा राम साहू, कोमल सोनवानी, वीरेंद्र सांहड़ा, खेम लाल निषाद, दूज राम साहू एवं शाला स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

### अछोली स्कूल के बच्चों को किया गया बैग का वितरण



**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के निर्देशानुसार 31 अगस्त को ब्लॉक के ग्राम अछोली में दोपहर 12 बजे माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से मुलाकात कर शाला की गतिविधियों की जानकारी ली गई। इसके साथ ही कमांडो ग्रुप की प्रेरणा से प्राथमिक शाला के बच्चों को स्कूल बेग का वितरण किया गया। उसके बाद ग्राम गारका के शीतला मंदिर मार्ग में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी अनिल लोढा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, गोविन्द चंद्राकर, जनपद सदस्य माधव गिरि गोस्वामी, कल्याण गिरि गोस्वामी, सरपंच कविता तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### डीह पारा बासीन में लगा अंगना म शिक्षा मेला

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में पढ़ई तिहार के अंतर्गत अंगना मं शिक्षा मेला 02 का आयोजन 30 अगस्त को किया गया। इस मेले केवल उन बच्चों को शामिल किया गया, उनके बेसलाइन पहले मेले में हुई थीं। अंगना म शिक्षा योजना छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी से जुड़े छोटे बच्चों की माताओं को घर पर ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए मेला का आयोजन किया गया।

## निधन

### हलाल खोर चिराम

**डोंडी।** हलबा समाज ब्लॉक डोंडी के अध्यक्ष रहे हलाल खोर चिराम का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम पुसावड़ में किया गया गया। वे बनवारी चिराम एवं प्रीतम चिराम के पिता जी थे।



---

**सियासत : सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र पलारी व मोहारा में हुई कार्यशाला**

# प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 50 नए सदस्य बनाएं : कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र पलारी एवं मोहारा में शक्ति केंद्र स्तर का कार्यशाला हुई। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुरुर के अध्यक्ष कौशल साहू, जनपद पंचायत गुरुर पूर्व अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, शक्ति केंद्र पलारी मोहारा के कार्यशाला के प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर के उपस्थिति में कार्यशाला हुई।

मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की भावनाओं को लेकर कार्य करती है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इसका मूल उद्देश्य ही राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को 50 सदस्य बनाना अनिवार्य और हर बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनवाने के लिए कहा गया और सभी को सदस्यता अभियान में जुड़ने के लिए कहा गया।

ईशा प्रकाश साहू ने कहा सदस्यता अभियान को लेकर हम सभी नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं को पुनः नवीनीकृत सदस्यता ग्रहण करनी होगी और सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक और प्रभारी एवं सभी सदस्यों को सदस्य बनने के लिए कहा गया और अधिक सदस्य बनवाने के लिए कहा गया।

कार्यशाला के प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से हमें अपने बूथ में सभी मतदाताओं तक पहुंचकर सदस्य बनाएं, ताकि यह कार्यकर्ता त्रिस्तरीय चुनाव में विशेष भूमिका निभाएंगे। डॉ गंजीर ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह है कि पंच से लेकर सरपंच, जनपद और जिला में हमारे भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कब्जा करें और गांव और देश का विकास करें। इसलिए आप हर बूथ में कम से कम 200 कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाएं और हर बूथ पर कम से कम चार-पांच सक्रिय सदस्य बनें और सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक कार्यकर्ता को 50 सदस्य बनवाना होगा।

इस अवसर पर शक्ति केंद्र पलारी के संयोजक नंदकुमार साहू, सह संयोजक मनीष कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष हेमलाल साहू, महेश्वर साहू, महेश साहू, देवकरण निषाद, शक्ति केंद्र मोहारा के संयोजक बोधराय हिरवानी, सह संयोजक नीलकंठ साहू, बूथ अध्यक्ष मुकेश सार्वा, तुलाराम सार्वा सहित शक्ति केंद्र मोहारा एवं शक्ति केंद्र पलारी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सदस्यता अभियान को लेकर हुई भाजपा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

सदस्यता अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल की बैठक कुथरेल, जंजगिरी शक्ति केंद्र में आयोजित की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी अजीत चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम साहू किसान मोर्चा राजेश चंद्राकर अगराहिज निर्मलकर विधायक प्रतिनिधि घासीराम साहू नारायण यादव ब्रह्मानंद चंद्राकर कमलेश कुमार साहू घासीराम साहू देवघर लाल साहू राजू लाल साहू शोभाराम देशमुख तुमेश्वर चंद्राकर वार्ड क्रमांक 9 के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अंडा स्कूल की छात्राओं को प्रदान की गई सायकिल

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान कुल 42 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर डीडी साहू, सीएल चंद्राकर, प्राचार्य सीमा जांबुलकर, व्याख्याता वी पद्मावती राव, पी पटेल, जीआर साहू, ममता वर्मा, रेणुका चंद्राकर कक्षा शिक्षक श्वेता भीमटे, सरोज यदु सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, सुनील साहू, योजना प्रभारी लोकेश देशमुख एवं ग्रामीण तथा पालक उपस्थित थे।

## जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा



स्थानीय शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व सदस्य का पदभार, शपथ ग्रहण व स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जसराज शर्मा ने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष तथा इकबाल अरोरा, रवि जैन, महावीर साहू, डोमेन्द्र कुमार देशमुख, भूषण कुमार साहू, शिव कुमार मसिया ने सदस्यों के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष, भाजपा पवन साहू द्वारा नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा दिलीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बालोद देवेन्द्र जायसवाल, अध्यक्ष पि.व. बालोद जितेन्द्र देशमुख, मण्डल अध्यक्ष, ग्रामीण बालोद प्रेम साहू, जयलाल मालेकर, नरेन्द्र लुंकड़, प्रकाश जैन, मान सिंह तारम, धीरेन्द्र टांक, टेकराम साहू, नीलकमल साहू, चन्द्रभान पटेल, टेकराम पटेल व अन्य अतिथिगण, महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेड रिबन क्लब द्वारा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन में भाग लेने वाले विद्यार्थी युगल किशोर दुबे एवं उमाभारती पटेल को सम्मानित किया गया।

### स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचे गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के पदाधिकारी

**डोंडी।** विकासखंड के अनेक स्कूल, हॉस्टल और आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन जर्जर होने के कारण कई जगह आंगनबाड़ी व स्कूल में एक साथ व्यवस्था बनाकर बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। छोटे छोटे बच्चे को एक साथ पढ़ाने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण भी पढ़ाई प्रााावित हो रही है। इसकी जानकारी मिलने पर गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के जिला महासचिव तुलेश्वर हिचामी एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चमन पड़ोटी, गोंडवाना समाज सर्कल आमाडूला के सदस्य जितेन्द्र आचला एवं सूरज मांडवी ने ऐसे स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंबा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया।



## धर्मेंद्र चन्द्राकर की स्मृति में परिजनों ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्राम अण्डा में संचालित समस्त प्राथमिक शालाओं में स्व.धर्मेन्द्र चन्द्राकर की स्मृति में पिता मुन्नालाल चन्द्राकर और शैलेन्द्र चन्द्राकर ने न्योता भोज कराया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला गांधी भांठा में 40, शासकीय प्राथमिक शाला अण्डा में 51 और शासकीय प्राथमिक शाला आबादी पारा अण्डा में 89 बच्चों के लिए खीर पूड़ी का वितरण किया। प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू ने मुन्ना लाल चन्द्राकर, शैलेन्द्र चन्द्राकर और पूर्णिमा लाल चन्द्राकर का आभार व्यक्त किया।

## दर्राटोला के ग्रामीणों ने की नवीन पंचायत बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



जिले के डौण्डी ब्लाक स्थित ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के आश्रित ग्राम दर्राटोला को 26 जुलाई को राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। उसके बाद अब आश्रित ग्राम दर्राटोला को जनसंख्या के आधार नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। इससे शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन गाँव तक पहुँच सकेगा और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल ग्रामीणों को मिलेगा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आश्रित ग्राम दर्राटोला की जनसंख्या 650, झीकाटोला 250, हितेकसा 300 आश्रित गांवों को मिलाकर कुल जनसंख्या 1200 के करीब है। वहीं, ग्राम पंचायत धोबेदण्ड का क्षेत्रफल और आबादी क्षेत्र बहुत ज्यादा होने के कारण एवं सीमित संसाधन होने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ आश्रित ग्रामों को नहीं मिल पाता है। इसलिए ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के आश्रित ग्राम झीकाटोला एवं ग्राम पंचायत बिटाल के आश्रित ग्राम हितेकसा को ग्राम दर्राटोला में समाहित कर नवीन ग्राम पंचायत का गठन किया जा सकता है, जिससे विकास कार्यों को नई गति मिल सकती है।

आश्रित ग्राम दर्राटोला के ग्रामीण देवप्रसाद भंडारी, रामेश्वर, खेदूराम सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत धोबेदंड होने के कारण आश्रित ग्राम दर्राटोला को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए आश्रित ग्राम दर्राटोला को स्वतंत्र नवीन पंचायत बनाया जाए, जिससे ग्राम पंचायत को मिलने वाली सभी सुविधा और लाभ ग्रामीणों को मिल सके। वहीं, ग्रामीणों द्वारा नवीन ग्राम पंचायत दर्राटोला बनाने की मांग को लेकर राजस्व विभाग और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

## निको कंपनी परिसर गिधाली में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा



निको माइनिंग कंपनी गिधाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम विकास समिति व श्रमिक संघ गिधाली संयंत्र के पदाधिकारियों ने चंदन का एक-एक पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत निको माइनिंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड गिधाली के महाप्रबंधक ललित दरवलकर के कुशल नेतृत्व संयंत्र परिसर में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन की ओर से आरपी देवांगन सहायक महाप्रबंधक, आदित्य सिंह वरिष्ठ प्रबंधक, कनेंद्र पटेल सहायक प्रबंधक, शशांक तिवारी, कोपेंद्र साहू, फलेश्वर साहू, नरेंद्र निषाद, श्रमिक संघ गिधाली के अध्यक्ष संतोष साहू, ललित पटेल उपाध्यक्ष, दुर्गाप्रसाद साहू, रेमन साहू, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन कुशल ठाकुर सीएसआर अधिकारी ने किया।

### निको ने बकलीटोला की सेवा समिति को भेंट किया वाद्य यंत्र



**कुसुमकसा।** निको माईनिंग कम्पनी की ओर से ग्राम बकलीटोला की मां दुर्गा सेवा समिति की महिलाओं को हारमोनियम, ढोलक सहित अन्य आवश्यक वाद्य भेंट किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा सेवा समिति की अध्यक्ष मैनी बाई के अलावा उनकी समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। गिधाली की सरपंच बसंती ठाकुर ने इसके लिए कम्पनी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रबंधन की ओर सहायक महाप्रबंधक आरपी देवांगन, वरिष्ठ प्रबंधक आदित्य सिंह, सहायक प्रबंधक कुनेन्द्र कुमार पटेल, सहायक प्रबंधक शशांक तिवारी, कोपेन्द्र साहू फलेश्वर साहू नरेन्द्र निषाद के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुशल ठाकुर ने किया।


तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 02 मई से 16 मई 2024
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL
HI TEK inspiring better health
AMBULANCE & EMERGENCY CALL : 0788 4056666



स्नायुरोग विभाग
(न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी)
स्ट्रोक, लकवा, मिर्गी, हाथ-पैर में कमजोरी, चक्कर आना, संतुलन का गड़बड़ाना, सिर व रीढ़ से जुड़े सभी प्रकार के रोगों का इलाज एवं सर्जरी
अन्य विशेषज्ञ सेवाएं
● हृदय रोग ● पाचन तंत्र
● चेहरा/जबड़ा (मैक्सिलोफेशियल)
● अस्थिरोग ● फिजियोथेरेपी
● कान-नाक-गला (ईएनटी)
● 24 घंटे डायलिसिस



जुनवानी रोड, सूर्या टीआई मॉल के पास, स्मृति नगर, भिलाई
Call : 0788 4056666, 7389192333 Visit : hitekhospitals.com

" सभी प्रकार की पथरी (Stone) की समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज एक ही छत के नीचे।"
यूरोलॉजी: किडनी स्टोन - PCNL/ RIRS /ESWL; यूरेट्रिक स्टोन - URSL; यूरिनरी ब्लैडर स्टोन - CLT
लेप्रोस्कोपिक: गॉलब्लैडर स्टोन - LAP CHOLECYSTECTOMY; पैंक्रियाटिक स्टोन - PANCREATICO JEJUNOSTOMY; पैरोटिड डक्ट स्टोन - STONE RETRIEVAL
गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट: सीबीडी स्टोन - ERCP
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ: सबमांडिबुलर डक्ट स्टोन
डॉ. नवीन राम दारुका M.CH (UROLOGY) BHU (पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ & किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
डॉ.तरुण के नायक M.S., F.R.C.S (GLASGOW) (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डॉ. जीवनलाल घीदले MD (Med.) DM GASTRO (PGI Chandigarh)
डॉ. नमन पिंचा MBBS, MS (ENT) (कान, नाक, गला एवं गर्दन कैंसर विशेषज्ञ)
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
97554 21861, 0788-2990458
NH53, ऑपोसिट टोयोटा शोरूम, डी-मार्ट के पास, दुर्ग बाईपास रोड,कादंबरी नगर